1797

| |
|---|
| समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें किसी अन्य अधिकारी के नाम नहीं। |

पत्र संख्या–R/1556
दिनांक–05/12/2017

प्रेषक

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

1. सभा के सदस्यगण
2. कार्य परिषद के सदस्यगण,
3. विद्या परिषद के सदस्यगण,
4. अधिष्ठाता समस्त संकाय,
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।

विषयः– दिनांक 09 दिसम्बर, 2017 को आयोजित होने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के 60वें दीक्षान्त समारोह में मा0 श्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में, मा0 प्रो0 दिनेश शर्मा, उप मुख्यमंत्री/उच्च शिक्षा मंत्री, विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं मा0 श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश/कुलाधिपति, लखनऊ विश्वविद्यालय के सम्मिलित होने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का 60वाँ0 दीक्षान्त समारोह दिनांक 09 दिसम्बर, 2017 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे से अपरानह् 01:00 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर के कला संकाय के चर्तुभुज स्थान पर होगा। इस अवसर पर मा0 गृहमंत्री, राजनाथ सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में, मा0 प्रो0 दिनेश शर्मा, उप मुख्यमंत्री/उच्च शिक्षा मंत्री, विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं मा0 श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश, कुलाधिपति, लखनऊ विश्वविद्यालय सम्मिलित होंगे। कुलपति जी, सभा, कार्य परिषद व विद्यापरिषद के सम्मानित सदस्यगण एवं समस्त संकाय के सम्मानित अधिष्ठातागण शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होगें।

विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी टेलर्स एण्ड ड्रापर्स, नई दिल्ली द्वारा अंगवस्त्र/ परिधान उपलब्ध कराया जायेगा। आपसे अनुरोध है कि परिधान को दिनांक 08.12.2017 को अपरान्ह् 10.00 बजे से विश्वविद्यालय में 11.00 बजे से सम्पन्न होने वाले पूर्वाभ्यास से पहले आर्ट्स ब्लाक के कमरा न0 5/6 से प्राप्त कर लें। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह की समाप्ति के पश्चात यूनिवर्सिटी टेलर्स एण्ड ड्रापर्स नई दिल्ली को वापस किया जाना आवश्यक होगा।

आपसे सादर अनुरोध है कि दिनांक 09 दिसम्बर, 2017 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे से प्रारम्भ होने वाले दीक्षान्त समारोह एवं दिनांक 08 दिसम्बर 2017 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे से होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

शैक्षणिक यात्रा निम्नवत् होगीः–

कुलसचिव
सभा के सदस्य
विद्या परिषद के सदस्य
कार्य परिषद के सदस्य
प्रति कुलपति
कुलपति
प्रो0 दिनेश शर्मा जी
श्री राजनाथ सिंह जी
कुलाधिपति

दीक्षान्त समारोह समाप्त होने के पश्चात शैक्षणिक यात्रा की वापसी निम्नवत् होगीः–

कुलाधिपति
श्री राजनाथ सिंह जी
प्रो0 दिनेश शर्मा जी
कुलपति
प्रति कुलपति
कार्य परिषद के सदस्य
विद्या परिषद के सदस्य
सभा के सदस्य
कुलसचिव

भवदीय,

(प्रो0 आर0के0 सिंह)
कुलसचिव